दिन– शनिवार दिनांक– 04 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बोधगया में आज से शुरू हो रहा है राज्य स्तरीय सम्मेलन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे उद्घाटन।

02. राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में हुये शामिल।

03. आकांक्षी जिला कार्यक्रम में पूर्णिया देशभर में पहले स्थान पर। सीतामढ़ी भी शीर्ष पांच में शामिल।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की कम सक्रियता से गर्मी और उमस बढ़ी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अच्छी बारिश की सम्भावना।

---

गया जिले के बोधगया में आज से तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए न्यायपालिका और पुलिस प्रशासन का दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे।

–––साउंड बाईट–––

बोधगया के कन्वेंशन सेंटर, महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित इस सम्मेलन में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय, अन्य न्यायाधीश और सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक समेत दो सौ से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान–बिपार्ड और बिहार ज्यूडिशियल एकेडमी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें नए आपराधिक कानूनों की बारीकियों और उन्हें लागू करने में पुलिस तथा न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय पर मंथन किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए बोधगया से धर्मवीर भारती।

---

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई का छह दिवसीय राजकीय अंतिम संस्कार तेहरान में आज से शुरू होगा। भारत की ओर से बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और विदेश मामलों की राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिता अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। सोशल मीडिया पोस्ट में राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने सरकार और भारतीयों की ओर से सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने हाल के संघर्ष में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि यह अंतिम संस्कार अट्ठाईस फरवरी को इस्राएल और अमरीका के

हवाई हमलों में खामेनेई की मृत्यु के बाद हो रहा है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। इस महीने की नौ तारीख को पवित्र शहर मशहद में पूर्व नेता को सुपर्द–ए–खाक किया जाएगा। इसके बाद चालीस दिन तक सार्वजनिक शोक मनाया जाएगा।

---

पूर्णिया जिले ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। नीति आयोग की त्रिमासिक मासिक डेल्टा रैंकिंग में पूर्णिया ने देश के एक सौ बारह आकांक्षी जिलों में सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं, सीतामढ़ी जिला इस सूची में देशभर में तीसरे स्थान पर है। अररिया एक सौ आठवें स्थान के साथ आखिरी पांच जिलों में शामिल है। रेकिंग में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, कौशल विकास और आधारभूत संरचना जैसे प्रमुख सूचकांकों के आधार पर विभिन्न जिलों में विभिन्न योजनाओं के क्रियावयन के लिए अंक दिये गये हैं।

---

राज्य सरकार ने सरकारी सेवकों के यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता के नियमों में संशोधन किया है। इन भत्तों के लिए अब केन्द्र सरकार की दरें लागू होंगी। वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अब सरकारी काम से विदेश जाने वाले कर्मचारी को यात्रा भत्ता विदेश मंत्रालय द्वारा तय दरों के अनुसार मिलेगा। नई नियमावली के तहत बिहार यात्रा भत्ता नियमावली उन्नीस सौ उनचास के महत्वपूर्ण प्रावधान को समाप्त कर दिया गया है। इससे पहले विदेश यात्रा के दौरान राज्य सरकार की निर्धारित दरों के अनुसार भुगतान होता था।

---

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और नव गठित राजकीय डिग्री कॉलेजों में संविदा के आधार पर तीन हजार छह सौ सत्तासी सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी हो गयी है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश कुमार चौधरी ने बताया कि अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल से पन्द्रह जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। इन पदों के लिए बीस और सत्ताईस जुलाई को साक्षात्कार लिया जायेगा। सभी प्रक्रियाओं के बाद सात अगस्त तक चयनित अभ्यर्थियों को योगदान देना होगा। श्री चौधरी ने बताया कि यह नियुक्ति छह विषयों हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र में होंगी।

---

लोक भवन ने स्पष्ट किया है कि पीएचडी अध्यादेश और विनियमन के तहत पीएचडी गाईड के सेवा निवृत्त होने पर भी गाईड सत्तर वर्ष की उम्र तक शोधार्थी को

शोध करा सकेंगे। नये अध्यादेश के नियमों के अनुसार जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति में तीन वर्ष से कम का समय शेष है, वे अपने पर्यवेक्षण में नये शोधार्थियों को पंजीकृत नहीं कर सकेंगे। लोक भवन ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र पहले से इन शिक्षकों के अधीन पंजीकृत हैं उनका शोध कार्य नहीं रूकेगा। ऐसे शिक्षक सत्तर वर्ष की आयु तक सह पर्यवेक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे सकेंगे।

---

सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि ई–ट्वेंटी यानी बीस प्रतिशत एथेनॉल मिले इंधन से गाड़ियों का माइलेज कम हो जाता है, जो कि गलत और गुमराह करने वाला है। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ पेट्रोलियम, देहरादून और सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर परीक्षण किए। इन ट्रायल में गाड़ियों की ईंधन दक्षता पर कोई खास बुरा असर नहीं देखा गया। परीक्षणों में पैसेंजर कारों से लगभग चालीस हज़ार किलोमीटर और दो–पहिया वाहनों से बीस हज़ार किलोमीटर की दूरी तय की गई। इसमें कहा गया है कि माइलेज पर इंधन के प्रकार के अलावा गाड़ी चलाने का तरीका, रख–रखाव, टायर का दबाव, अलाइनमेंट और एयर–कंडीशनिंग का लोड जैसी कई और चीज़ों का भी असर पड़ता है।

---

केन्द्र सरकार ने बैट–बी.एम.एस, इपोक–आई–आयन और लॉसिगी ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। यह कदम यात्रियों और साईबर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए उठाया गया है। इन ऐप्स का इस्तेमाल ई–रिक्शा की बैटरी को ब्लूटूथ के जरिए दूर से बंद करने के लिए किया जा रहा था।

---

केन्द्र सरकार ने सोलहवें वित्त आयोग की सलाह पर पंचायतों के लिए अस्सी प्रतिशत मूल अनुदान और बीस प्रतिशत प्रदर्शन–आधारित अनुदान प्रस्तावित किए हैं। पंचायती राज मंत्रालय की नई दिल्ली में राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला में पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि राज्यों के सहयोग से पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

––––साउंड बाईट–––

सोलहवें वित्त आयोग की प्रशंसा के आलोक में राज्यों में कैसे तैयारी करें, कैसे परफोर्मेंस ग्रांट का पूरा लाभ उठा सकें। सभी बिन्दुओं पर चर्चा करके सभी राज्यों को उसके लिए तैयार करने के लिए आज की यह कार्यशाला थी। 73वें सविंधान संशोधन के तहत यह राज्यों का विषय है और राज्यों के सहयोग से ही हम पंचायतों को आत्मनिर्भर बना सकते हैं।

---

मॉनसून की कम सक्रियता के चलते प्रदेश के अधिकांश स्थानों में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। उमस और गर्मी से जन जीवन प्रभावित है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर का भभुआ अड़तीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान तैंतीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान पटना सहित राज्य के अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने आज राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ वज्रपात भी चेतावनी जतायी है।

———साउंड बाईट———

———————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अल नीनो के कारण देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा और उसके प्रभाव की स्थिति की समीक्षा की। श्री शाह ने कहा कि सरकार अल नीनी के कारण देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा और सम्भावित सूखे की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। उन्होंने कृषि मंत्रालय और सभी संबंधित मत्रालयों को सतर्क रहने और किसानों को उपयुक्त फसलों की बुवाई के बारे में सलाह देने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया।

———————————————

केन्द्र सरकार बच्चों के यौन शोषण को बढ़ावा देने वाले इंस्टाग्राम विज्ञापनों पर मेटा से स्पष्टीकरण मांगेगी। सूत्रों ने बताया है कि इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को इस मामले में मेटा को तलब करने का निर्देश दिया है। इस बीच, मंत्रालय के अधिकारियों ने व्हाट्सऐप पर "यूज़रनेम" फ़ीचर शुरू किए जाने के नोटिस के बाद मेटा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मेटा को इस संबंध में विस्तृत स्पष्टीकरण देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है।

———————————————

अररिया पुलिस लाईन केंद्र में आयोजित दीक्षांत समारोह में सिपाहियों को सफलतापूर्वक बुनियादी प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सेवा की शपथ दिलायी गई। पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक ने पास आउट परेड का निरिक्षण किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण – पत्र देकर सम्मानित किया गया।

———————————————

भागलपुर के समीक्षा भवन में राज्य सरकार के सात निश्चय–तीन के सबका सम्मान–जीवन आसान कार्यक्रम के तहत आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डे की अध्यक्षता में लंबित पेंशन, भूमि विवाद समेत विभिन्न मामलों से जुड़े बाईस आवेदनों का निष्पादन किया गया।

---

इधर, भागलपुर जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गोपालपुर और इस्माइलपुर प्रखंड अंतर्गत तटबंध के मरम्मत कार्य को लेकर प्रसारित खबर तथ्यहीन और भ्रामक है। जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि तीस जून को जिला पदाधिकारी और अपर समाहर्ता आपदा ने स्थल निरीक्षण किया है। इस संबंध में बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल नवगछिया के अभियंता ने बताया कि पन्द्रह जुलाई तक अवश्यक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

---

सीतामढ़ी के जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने डुमरा में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय के शुरू होने से सैनिक कल्याण से संबंधित सभी प्रमुख सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी विंग कमांडर यू. के. त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और उनके आश्रित उपस्थित थे।

---

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रदेश में तेईस से छब्बीस जुलाई के बीच राज्य महिला फुटबॉल लीग का आयोजन किया जायेगा। प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्र शंकरण ने बताया कि यह प्रतियोगिता के मैच पटना, मुंगेर और बेगूसराय में खेले जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस लीग का उद्देश्य राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध कराना और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा–नई टाउनशिप में सात लाख करोड़ रूपये का निवेश होगा। बारह टाउनशिप के विकास पर एक लाख करोड़ रूपये खर्च करेगा हुडको।

दैनिक जागरण ने लिखा है– लालू–राबड़ी को मिलेगी ज़ेड श्रेणी सुरक्षा।

दैनिक भास्कर लिखता है– सरकार ने तीन चीनी एप हटाये, अब बीच रास्ते में बंद नहीं होंगे, ई–रिक्शा।

प्रभात खबर ने लिखा है– चौबीस घंटे में दो एनकाउंटर, सीतामढ़ी और वैशाली में दो अपराधियों को लगी गोली।

आज अखबार की सुर्खी है– मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा–इंडो–नेपाल सीमा पर रखें निगरानी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– राज्य में छह हजार करोड़ के निवेश से तीन हजार रोजगार के अवसर होंगे सृजित।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बोधगया में आज से शुरू हो रहा है राज्य स्तरीय सम्मेलन। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे उद्घाटन।

02. राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में हुये शामिल।

03. आकांक्षी जिला कार्यक्रम में पूर्णिया देशभर में पहले स्थान पर। सीतामढ़ी भी शीर्ष पांच में शामिल।

04. और, प्रदेश में मॉनसून की कम सक्रियता से गर्मी और उमस बढ़ी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले अड़तालीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अच्छी बारिश की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।